# JAIN COLLEGE, JAYANAGAR
## MOCK PAPER II
## Subject : Hindi

समयः 3 घण्टा 15 मिनट पूर्णांकः 100

सूचनाः i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए: 6X1= 6

1) सुजान के बड़े बेटे का क्या नाम था ?

2) माँ के चेहरे पर क्या थी ?

3) माँ के सब जेबर क्यों बिक गए थे ?

4) पिताजी रसोईघर को क्या कहते थे?

5) नादर क्या छिनते देख घबराए ?

6) जापान का गुणधर्म क्या है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3X3= 9

7) सुजान भिक्षुक को कैसे संतुष्ट करता है ?

8) जापान में हिन्दी के प्रभाव–प्रसार पर टिप्पणी लिखिए।

9) मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए।

10) विश्वेश्वरय्या के बाल्य जीवन के बारे में लिखिए।

11) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 4X1= 4

12) 'माँ का क्या होगा'।

13) 'गरीबी की बीमारी थी।'

14) 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाय तब बुलाना।'

15) आज तुम खाना जल्दी खा लेना।

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: 2X3=6

16) कर्त्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।

17) 'एकबार ज़बान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता।'

18) 'यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी।'

19) 'पेंशन का आर्डर आ गया।

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में लिखिए: 6X1=6

20) रैदास किसकी रट लगाए हुए है?

21) रहीम किसे धन्य मानते है?

22) कवयित्री किस अधिकार की बात कर रही है?

23) बेटी सजने–धजने से क्या महसूस करती है?

24) कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधिक अपावन कहा है ?

25) देश को किससे बचाना है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3X2=6

26) वाणी को क्यों संयत रखना चाहिए ?

27) मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।

28) पंजाब केसरी की महत्ता प्रकट कीजिए।

29) वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गया ?

इ) निम्नलिखित की ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: 2X4=8

30) रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै मोती मानुष चून ।

**अथवा**

प्रभु जी तुम घन बन, हम मोरा,
जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभु जी तुम दीपक हम बाती,
जाकी जोति बरै दिन राती।

31) यह बिहार की भूमि जहाँ पितरों का तर्पण होता है।
जेपी के इंगित से दस्यु आत्मसमर्पण होता है।।

**अथवा**

कर न दुष्ट को आत्मसमर्पण,
कुछ भी बन बस कायर मत बन।

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए: 5X1=5

32) दादाजी किसके हक में है ?

33) दादाजी ने सबको क्या समझाया था ?

34) संस्कृत के महा कवि कौन हैं?

35) घृणा को किससे नहीं मिटाया जा सकता?

36) पिता क्या नहीं सहन कर सकता है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2X5=10

37) दादाजी का चरित्र चित्रण कीजिए ?

**अथवा**

रजवा ने छोटी भाभी से क्या कहा ?

38) ग्लानि और जीवन के संबन्ध में श्रीधर के क्या विचार हैं?

**अथवा**

टिप्पणी लिखिए:

(1) सुशीला (2) भारवि ।

V अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए: 4X1= 4

39) 1) वह दिन भर की कमाई खोई।

2) किसान ने गायों को भगायी।

3) कोई को विधवा बनाना युगधर्म नहीं है।

4) आजकल तरूण नवयुवक शिक्षा की ओर ध्यान नहीं देते।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: 4X1=4

(का, से, में, ने)

40) 1) बिजली . . . . . . . . .आविष्कार किसने किया।

2) माँ . . . . . . . . लोरी सुनायी।

3) वह टकसाल. . . . . . काम करता है।

4) वह कलम. . . . . . . लिखता है।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 4X1=4

41) 1) महर्षि दयानंद ने आर्यसमाज की स्थापना की। (भविष्य काल)

2) महात्मागांधी ने शांति और अहिंसा का संदेश दिया। (वर्तमानकाल)

3) भगवान हमारी रक्षा करता है। (भूतकाल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए: 4X1=4

42)   1) दाँत तले उंगली दबाना   क) आजीविका छीनना।

2) पेट पर लात मारना   ख) दुख होना।

3) तू–तू मैं–मैं करना   ग) आश्चर्य चकित होना।

4) त्राहि त्राहि करना   घ) झगड़ा करना।

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए:   2X1=2

43) नाई,   विधाता।

VI   अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों का उत्तर दीजिए:   5X1=5

44) वैज्ञानिक उन्नति के कारण मानव सभ्यता की दीवार इतनी ऊँची हो गई है कि अब वह अपने बोझ से ही लड़खड़ाने लगी है। भौतिक उन्नति ने मनुष्य के भौतिक अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। यद्यपि विज्ञान की सहायता से मनुष्य वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है, सुख समृद्धि के सभी उपाय उसके अधीन हो गए हैं, पर वह स्वयं भी स्वतंत्र नहीं रहा। सवारी को ही लीजिए। आपके पास कार है, जहाँ चाहें थोड़े ही समय में पहुँच जायेंगे, परंतु कार खराब हो गयी तो बुलाइए मैकेनिक को। हैं न आप उसके अधीन; बिजली से कमरा ठंडा कर लिया है, दिल्ली में ही शिमले का आनंद ले रहे है; परंतु बिजली चली गयी तो आपका जीवन नरक बन गया न।

प्रश्न 1. मानव सभ्यता की दीवार इतनी ऊँची कैसे हो गई है ?

2. किसने मनुष्य के भौतिक अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है ?

3. किसकी सहायता से मनुष्य वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है ?

4. कहाँ शिमले का आनंद ले रहे है ?

5. बिजली चली गयी तो क्या होगा ?

45) बैंक प्रबंधक को अपना खाता बंद करने के संबंध में पूछताछ करते हुए एक पत्र लिखिए।

अ) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:   5X1=5

46) (i) Please bring the umbrella, it may rain.

(ii) The characteristic of this culture is peaceful co-existence.

(iii) The priest taught him the principles of religion.

(v) Politicians have to surrender their selfishness and ego.

(iv) He was spending all his time in the company of bad friends.

आ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिएः 4X1=4

ग्रहण, वृष्टि, द्वन्द्व, नकाब।

आ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिएः 3X1=3

मानवता, उपेक्षित,

@@@@@@@@